दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 69 मुरादाबाद 02 July 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## टॉपर छात्रों के बीच कभी टीचर तो कभी दोस्त बने सीएम योगी, कहा-कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले मेधावी छात्रों से संवाद किया। शुक्रवार को एनेक्सी भवन सभागार में गोरखपुर जनपद में हाईस्कूल व इंटर के टॉप टेन विद्यार्थियों के बीच मुख्यमंत्री कभी अभिभावक की भूमिका में दिखे तो कभी शिक्षक तो कभी इन विद्यार्थियों के सहपाठी। %मेधावी विद्यार्थी संवाद% नामक इस कार्यक्रम में सीएम योगी ने विद्यार्थियों को और शानदार सफलता हासिल करने के लिए टिप्स देते हुए कहा कि हर महत्वपूर्ण चीज की नोटबुक बनाइए। किसी दूसरे पर निर्भर होने की बजाय अपने नोटबुक से परीक्षा देंगे तो लक्ष्य के अनुरूप सफलता अवश्य प्राप्त होगी। कोई भी परीक्षा हो तो उसके लिए पूरी तैयारी करना, साथ ही खुद को भय और चिंता से मुक्त करना भी बहुत आवश्यक है। सीएम योगी ने कहा कि मन में आत्मविश्वास हो तो कोई भी कार्य या कोई भी लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं है। किसी भी चीज को छोटा मत समझिए। छोटी-छोटी चीजें भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। हम विफल तभी होते हैं जब हम कई बातों को छोटा समझ कर नजरअंदाज कर देते हैं। यह भी याद रखें मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। मेहनत करेंगे तो लक्ष्य जरूर प्राप्त करेंगे।

### नियमित समाचार पत्र पढ़ खुद को अपडेट रखें विद्यार्थी

सीएम योगी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को नियमित समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। समझाया, यह आपके सामान्य ज्ञान को अपडेट रखने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थी समाचार पत्रों के संपादकीय पेज पर प्रकाशित लेखों का अध्ययन अवश्य करें और उसमें से महत्वपूर्ण विचारों व तथ्यों को नोट करने की भी आदत डालें। कहा कि संपादकीय पेज के लेख तथ्यपरक, ज्ञानवर्धक व रोचक होते हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय में जाकर पुस्तकों को देखने, उनका



अध्ययन करने व वर्तमान दौर में ऑनलाइन माध्यम से देश-दुनिया के पुस्तकालयों से जुड़ने का भी सुझाव दिया।

### पीएम मोदी की एग्जाम वारियर्स जरूर पढ़ें, मिलेगा प्रेरक मार्गदर्शन

संवाद के दौरान सीएम योगी ने विद्यार्थियों से सवाल किया कितने बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एग्जाम वारियर्स पढ़ी है, कितनों ने पीएम की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखा सुना। साथ ही कहा कि सभी विद्यार्थियों को एग्जाम वारियर्स जरूर पढ़ना चाहिए, इससे सफलता हासिल करने के लिए प्रेरक मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश से जुड़ते हैं। देश के किसी भी कोने में कौन क्या नया कर रहा है इसकी रोचक जानकारी देते हैं।

### व्यक्तित्व विकास में पाठ्येत्तर गतिविधियां भी सहायक

सीएम योगी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें व्यक्तित्व विकास के लिए पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी भाग लेने की सीख दी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की तैयारी के साथ अन्य क्षेत्रों में भी रुचि रखनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्रा वैष्णवी अग्रहरी का उदाहरण देते हुए कहा कि वैष्णवी रामचरितमानस व श्रीमद्भागवत गीता का सस्वर गायन करती हैं। यह व्यक्तित्व को आगे बढ़ाने में सहायक है। विद्यार्थियों को खेलकूद व समसामयिक विषयों पर सकारात्मक डिबेट की भी आदत होनी चाहिए।

### पठन-पाठन का माहौल बनाना प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी

कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों के विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी मौजूद थे। उनका आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालय में पठन पाठन तथा अनुशासन का माहौल बनाना प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी है। परिसर सभी साफ-सुथरे होने चाहिए।

## अमित शाह मान जाते तो भाजपा का आज सीएम होता, फडणवीस के डिप्टी बनने पर उद्धव ठाकरे का तंज



शिवसेना के ही बागी नेता एकनाथ शिंदे के महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार उद्धव ठाकरे का बयान सामने आया है। उन्होंने शुक्रवार को शिवसेना भवन पहुंचकर मराठी कार्ड खेला और पार्टी पर दावा ठोका। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे शिवसेना के मुख्यमंत्री नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में सत्ता का खेल खेला गया है, उससे लोकतंत्र का मजाक बना है। उन्होंने कहा कि मैं तो कहूंगा कि मतदाताओं को अधिकार होना चाहिए कि वह जरूरत पड़ने पर उन लोगों को वापस बुला सकें, जिन्हें वोट दिया है।उन्होंने कहा कि भले ही सत्ता के लिए कुछ लोगों ने बड़ा खेल कर दिया, लेकिन मेरे दिल से वे लोग महाराष्ट्र को नहीं निकाल सकते। यहां तो लोकतंत्र का मजाक उड़ाया जा रहा है। सत्ता में आते ही इन लोगों ने आरे के फैसले को पलट दिया गया। उन्होंने कहा कि मुंबई के पर्यावरण से छेड़छाड़ न की जाए। मैं इन लोगों से अपील करता हूं कि महाराष्ट्र को बर्बाद न करें। मुझे सीएम की कुर्सी जाने का दुख नहीं है, लेकिन मेरी पीठ में खंजर भोंका गया है। यदि भाजपा हमारे साथ आती तो कम से कम ढाई साल तक तो उनका मुख्यमंत्री रहता, लेकिन अब उन्हें क्या मिल गया है। उन्होंने कहा कि अगर अमित शाह ने मुझसे किया अपना वादा पूरा किया होता तो अब महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री होता। इस तरह उद्धव ठाकरे ने इशारों में ही देवेंद्र फडणवीस के डिप्टी सीएम बनने पर तंज कस दिया। दरअसल 2019 में भाजपा और शिवसेना के बीच इसी बात पर मतभेद हो गए थे। तब शिवसेना का कहना था कि भाजपा ने उनसे ढाई-ढाई साल के सीएम का वादा किया था, जिस पर उसे अमल करना चाहिए। वहीं देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे ने ऐसे किसी भी वादे से इनकार किया था। अब इसी को लेकर शायद उद्धव ठाकरे ने तंज कसा है कि एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने से भाजपा को क्या मिल गया।

### रातोंरात नहीं हुआ खेल, लंबे वक्त से थी प्लानिंग

यही नहीं एक बार फिर से मराठी कार्ड खेलते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, मैं प्रदेश की जनता और शिवसैनिकों से कहना चाहूंगा कि उनसे कभी गद्दारी नहीं करूंगा। आप लोगों से जो प्यार मिला है, उसे भुला नहीं सकता। सत्ता तो आती और जाती रहती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे और बागी विधायकों से हमने बात की, लेकिन वे माने नहीं। साफ है कि यह घटना रातों रात की नहीं थी बल्कि लंबे वक्त से यह खेल चल रहा था।

## देश का माहौल खराब कर रहीं RSS और भाजपा, राहुल गांधी का बड़ा हमला

नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा इस देश में माहौल को खराब कर रही है। देश इस वक्त सांप्रदायिक दंगों से जूझ रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी देश के लोगों को जोड़ने का काम करती है। केरल के तीन दिवसीय दौरे पर वायनाड पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस देश में माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। आरएसएस और भाजपा इस देश में माहौल को खराब कर रही है। देश इस वक्त सांप्रदायिक दंगों से जूझ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह बयान नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद आया है। शुक्रवार को सुप्रीम



कोर्ट ने नूपुर शर्मा के पैगंबर वाले बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि उदयपुर की घटना की जिम्मेदार नूपुर शर्मा ही हैं। उन्हें टीवी पर देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही देश के लोगों को जोड़ने का काम करती है। जबकि आरएसएस और भाजपा देश के लोगों को दंगे में धकेलना चाहती हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को अपने लोकसभा क्षेत्र वायनाड के तीन दिवसीय दौरे पर केरल पहुंचे। तिरुवनंतपुरम में सत्तारूढ़ माकपा के मुख्यालय एकेजी सेंटर पर कथित हमले को लेकर राज्य में तनाव के बीच राहुल गांधी की यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई हैं।

## मीटर रीडिंग लेने वाले कर्मियों को उपलब्ध कराया जाए परिचय पत्र एवं यूनिफार्म-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में विद्युत वितरण खण्डों की लाइन हानि में कमी तथा राजस्व वसूली में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को पंजिका में दर्ज किया जाए, और उनका त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। बिजली की बार-बार कटौती का लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाए, और बार-बार बिजली कटौती रोकने के लिए कारगर कदम उठाये जाएं, ताकि जनपद के उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न होने पावे। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि लाइन हानि को 10 प्रतिशत से कम लाया जाए। जनपद में बिलिंग की संख्या बढ़ायी जाए, और यह भी ध्यान रखा जाए कि टेबल बिलिंग न होने पावे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के बड़े विद्युत बकायदारों के विरूद्ध राजस्व एवं विद्युत विभाग की टीम बनाकर प्रवर्तन अभियान चलाकर वसूली सुनिश्चित किया जाए। जिन प्रकरणों में ओ0टी0एस0 में मामला निपटाया गया है। और वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उसकी सूचना तहसीलों को देकर अपडेट कराया जाए। साथ ही ओवर बिलिंग न होने पावे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारियों का परिचय पत्र व यूनिफार्म देना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें और उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग करने के दौरान कोई कठिनाई न होने पावे। प्रत्येक माह में प्रवर्तन कार्य जैसे डिस्कनेक्शन, एफ0आई0आर0 (प्रथम सूचना रिपोट) आदि की कार्यवाही करते हुए इसकी सूचना प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारियों को बढ़ाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि ए0टी0 एण्ड सी0 हानि शहरी क्षेत्रों में अधिक है, इसे सुधारने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, उपजिलाधिकारी रोहित, तहसीलदार जमुनहा अहमद फरीद खान, अधिशासी अभियंता विद्युत डी0पी0 सिंह, उप खण्ड अधिकारी इकौना, एस0एन0 पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी गई भावभीन विदाई



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा 1.उपनिरीक्षक फारूक अहमद खां 2. उप निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्र 3.उप निरीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला 4. उपनिरीक्षक सीताराम यादव 5.मुख्य आरक्षी विक्रमा यादव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात प्रतिसार निरीक्षक, प्रधान लिपिक, प्रभारी आंकिक शाखा, पेशकार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा से0नि0 पुलिस कर्मी का माल्यार्पण किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा की व उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## बालाजी मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा व रुद्राभिषेक व भंडारे का आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर में स्थापित बालाजी मंदिर पर प्राण शंकर जी, पार्वती जी, हनुमान जी ,सीता जी, राम लक्ष्मण ,नंदी , गणेश जी मूर्ति स्थापित किया गया । प्राण प्रतिष्ठा, व भंडारा, रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें रामचंद्र मिश्रा आचार्य गोबिन्द पाठक राजेश पाठक द्वारा पूजा पाठ कराया गया । रुद्राभिषेक, बाबूराम पाठक पत्रकार, व गुरदेव पाठक, द्वारा किया गया इसके पश्चात प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन में दूरदराज से आने वाले लोगों को प्रसाद और भंडारे में भोजन की व्यवस्था कि लोगों ने प्रसाद व भोजन ग्रहण किया इस मौके पर गोविंद प्रसाद पाठक व राजेश कुमार पाठक व नागेश्वर पाठक आदि आचार्य के सहयोग से कार्य कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## अखिलेश तुम जियो हजारों साल उत्तर प्रदेश को करों फिर से खुशहाल

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- तुम जिओ हजारों साल साल के दिन पचास हजार के साथ आधुनिक उत्तर प्रदेश के निर्माता। युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, पिछड़ें, दलितों, अल्पसंख्यकों और समाज के हर वर्ग के जीवन में अपनी दूरदर्शी सोच से बहुआयामी बदलाव लाने वाले विकास पुरुष मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सांसद विधायकों पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ ने केककटिंग कट अखिलेश यादव जी के चित्र को केक खिलाकर दी और मस्ती में झूमे सपाई एक दूसरे को मुहं मीठाकर केक खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की । जन्मदिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष डी पी यादव ने कहा कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने हमेशा जनता के हित में कार्य किया है। जब वह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो हर तरफ विकास ही विकास किया गया था। तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं थीं, जिसका लाभ जनता को मिला था। आज जनता समाजवादी पार्टी के उसी शासन काल को याद कर रही है। प्रदेश खुशहाली अमन चैन गंगा जमुनी तहजीब पर चल रहा था आज चहुं ओर नफरत के बादल घुमड़ रहें है कब जाने किस सांसे थम जाएं कब किस निर्दोष पर बुलडोजर चल जाये क्योंकि सवाल करना भी गुनाह है इस सरकार में इसलिये जागों और आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जी जन्मदिन पर संकल्प लों की गरीबों के हक के लिये लड़ेंगे किसी का दमन नही होने देंगे और अखिलेश यादव जी को पुन: मुख्यमंत्री बना कर ही चेन से बैठेंगे।जगह जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के जन्मदिवस पर गरीबों को भोजन एवं फल वितरण पौधरोपण भी किये गए इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डी0 पी0 यादव सांसद एस0 टी0 हसन पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव महासचिव मुदासिर खान हाजी सरताज अंसारी लाखन सिंह सैनी हाजी मन्नू कुरैशी धर्मेन्द्र यादव हाजी आमिर कुरैशी प्रेम बाबू लुकमान खान करीम खान केसर अली कुदुसी यास्मीन सेफी हसीन जमाल जहीर आलम नसीम पाशा पंकज चौधरी हारून सैफी हसीन जमाल हारून पाशा सलीम वारसी फरीद मलिक संजू गुप्ता विवेक चौहान अक्षय भटनागर नजाकत अली नवेद बाबू

## होटल के मालिकों द्वारा खतरनाक तरीके से हत्या कर दी गई उसकी घोर निंदा की-नदीम इकबाल

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली -रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के प्रदेश प्रभारी नदीम इकबाल सनी चनेथा जिसकी एक होटल के मालिकों द्वारा खतरनाक तरीके से हत्या करदी गई उसकी घोर निंदा की और हर संभव मदद करने का आश वासन दिया और दो बाकी बचे हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने और उनको फांसी की सजा दिलाने के साथ साथ उनके परिवार की पूर्ण सुरक्षा और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी वा 50 लाख रुपए मुआवजा देने की केंद्रीय मंत्री श्री राम दास आठवले सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री भारत सरकार मानिए श्री संतोष कुमार गंगवार सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जी के द्वारा मानवीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं श्री योगी आदित्यनाथ मुख्य मंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार जी से मिलकर मांग करेंगे दीम इकबाल के साथ बाल्मिकी समाज के तमाम क्षेत्र वासी सब धर्मो के लोग मोजूद रहे और सनी के पिता वा चाचा नेपूरा घटना कर्म बताते हुए आभार व्यक्त किया

# जिलाधिकारी ने तीसरा फसल बीमा सप्ताह मनाये जाने के संदर्भ में प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अर्न्तगत देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारत के अमृत महोत्सव अभियान के तहत तीसरा फसल बीमा सप्ताह मनाये जाने के सन्दर्भ में वैन से प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रथ को आज कलेक्टेªट से जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, इफको टोकियों इश्योरेंस कम्पनी लि0 से जिला प्रबन्धक श्री परमानन्द सिंह, उप कृषि निदेशक व जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी तथा जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद व अन्य अधिकारीगण के द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि प्रचार वाहन द्वारा जनपद मुरादाबाद के प्रत्येक ब्लाक में ग्राम पंचायतवार जाकर किसानों को वाहन के माध्यम से बैनर, पोस्टर व पैम्पलेट भी किसानों को वितरित किये जाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा खरीफ मौसम में अधिकतम क्लेम की धनराशि पाने वाले 5 किसानों को फसल बीमा में अधिक कवर करने वाले बैंक, जन सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के कर्मचारी तथा इफको टोकियो के कर्मचारी को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में चल रहे खरीफ मौसम 2022 की फसलों के लिए बीमा करने की तिथि 01 अप्रैल से 31 जुलाई 2022 तक होती है। जनपद में बीमित फसलें धान, बाजरा तथा उड़द अधिसूचित है, जिनका प्रीमियम निम्न प्रकार है यथा धान 80.83 पैसे प्रति बीघा, बाजरा 36.69 पैसे प्रति बीघा तथा उड़द 61.83 पैसे प्रति बीघा है। फसल में नुकसान होने की शिकायत करने के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-103-5490 पर संपर्क कर सकते है।


## सुरजन नगर में पॉलिथिन का उपयोग न करने की दिलाई शपथ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -गांधी स्मारक महाविद्यालय सुरजन नगर में शुक्रवार को गोष्ठी में प्राचार्य प्रो. डॉ.अनिल कुमार ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के साथ कर्मचारियों को पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ ग्रहण कराई। प्राचार्य ने कहा पॉलीथिन का उपयोग कम करना चाहिए। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए ये जरूरी है। उप प्राचार्य डॉ भूपेंद्र सिंह ने भी पॉलीथिन के प्रयोग से पर्यावरण को रहे नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया अगर हमने जल्द ही पॉलीथिन के प्रयोग को नहीं रोका तो हमारे जीवन पर इसका बहुत ही खतरनाक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ देवेंद्र प्रकाश ने सभी छात्र छात्राओं से अपने पड़ोसियों को भी प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक करने की अपील की।

www.knlslive.com

## ठाकुरद्वारा में धूमधाम से राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस मनाया



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस तेजस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कोरोना काल में चिकित्सकों के स्वयं का जीवन संकट में डालकर मानवता की सेवा करने पर प्रकाश डाला गया। डायरेक्टर डॉ बलराम सिंह, डॉ. अरुण ध्यानी, डॉ. वैभव कुमार, जनरल लेप्रोस्कॉपी सर्जरी डॉ.हर्ष, गायनोलॉजिस्ट डॉक्टर अलवीना रहमान आदि चिकित्सकों ने केक काटकर जश्न मनाया। डॉ बलराम सिंह ने इस दौरान चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी। उधर एबीएम हॉस्पिटल, एडी हॉस्पिटल, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी डॉक्टर्स डे मनाया गया। डॉक्टर्स डे पर तेजस हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं निशुल्क दीं, रोगियों को चिकित्सकों की फीस ओपीडी में नहीं देनी पड़ी।

## ठाकुरद्वारा में वन महोत्सव के पहले दिन लगाए 6600 पौधे



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -वन महोत्सव सप्ताह के पहले दिन तहसील के गांव चटकाली में छह हज़ार छह सौ पौधों का रोपण पर हरियाली की रक्षा का संकल्प लिया गया। वन महोत्सव सप्ताह के प्रथम दिन ग्राम सभा चटकाली में 6 हेक्टेयर भूमि पर 6600पौधे लगाने का शुभारंभ किया गया। इसमें रामगंगा नदी के किनारे चिह्नित भूमि पर वृहद पौधरोपण किया गया। पहले यह जमीन अवैध रूप से लोगों के कब्जे में थी। इससे तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाकर छह हेक्टेयर भूमि पौधरोपण के लिए चिह्नित की थी। शुक्रवार को पौधरोपण अभियान का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, डीएफओ सूरज, अपर पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी सागर जैन, एसडीएम परमानंद सिंह, वन क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा हरज्ञान सिंह, स्कूल के बच्चे शिक्षिकाएं, ग्रामसभा चटकाली के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया उद्घाटन



मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- असालतपुरा क्षेत्र वार्ड 41 में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया उद्घाटन उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद थाना गलशहीद क्षेत्र असालतपुरा वार्ड 41 में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे मेयर विनोद अग्रवाल वही सभी कार्यकर्ताओं ने मेयर विनोद अग्रवाल के आगमन पर आतिशबाजी कर फूलों की माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया वही इस मौके पर नवनियुक्त बनी भाजपा कार्यकारिणी सदस्य फरहा नाज़ को पार्टी की जिम्मेदारी भी सौंपी इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महानगर मंत्री मोहम्मद अय्यूब सैफी,पूर्व महानगर अध्यक्ष रईस पठान, अजीम पाशा अध्यक्ष ,आबिद हुसैन ,इंतजार हुसैन, अकरम हुसैन,असलम हुसैन, मोहम्मद शारिक ,समन्वयक ,नाजिश नाज अनस, साकिब सुहेल, अरहम, अजीम दाऊद, मोहम्मद आजम, मोहम्मद बिलाल, नूर मोहम्मद, कोसर, महानगर मंडल अध्यक्ष डॉ,शराफत अली , मोहम्मद आरिश, मोहम्मद हनीफ ,काजी मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद आरिफ आदि कई लोग मौजूद रहे

## ठाकुरद्वारा में छाता वितरण के दौरान आशाओं में धक्कामुक्की



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को बीसीपीएम लीलावती ने आशा कार्यकत्रियों को संचारी रोग से ग्रामीणों को बचाने के लिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि मच्छरों की रोकथाम के लिए नालियों में मिट्टी का तेल या कीटनाशक डलवाएं और खानपान में विशेष सतर्कता रखी जाए। बैठक के बाद आशाओं को छाता का वितरण किया जाना था। बीसीपीएम का केबिन छोटा होने की वजह से 217 आशा कार्यकत्रियों के केबिन में घुसने को लेकर धक्कामुक्की होती रही। बीसीपीएम ने आशा कार्यकत्रियों को शांत करते हुए कहा कि सभी 217 आशाओं को छाता दिया जाएगा, लेकिन आशाओं में धक्कामुक्की होती रही।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Rapid economic change

It is not surprising to see very rapid economic changes in a huge economy like India. The impact of inflation has also persisted, so the value of the rupee is at an all-time low. However, Finance Minister Nirmala Sitharaman says that the rupee is still in a better position compared to other currencies of the world. At the same time, she also believes that we are in a somewhat better position. Since we have completely opened up our economy, the impact of the global economy is here on a daily basis. Reserve Bank of India Deputy Governor Michael D Patra is saying that RBI will not allow much volatility in the rupee, but the truth is that the government will also have to make concerted efforts for this. The rupee has crossed 79 for the first time, so it is not a laudable thing. This decline should be thought about in totality. Perhaps if our economy had been fundamentally stronger, the rupee would not have continued to fall like this. If there is even a slight improvement in the stock market or the economy, then soon any decline starts irritating. From today some rules related to payment will change in the country so that there is no dishonesty in transactions or tax payments. Strictness for Aadhaar-PAN linking, TDS on cryptocurrencies, token system for online payments, 10% TDS on gifts started. Tax collection has also been expanded in GST. Taxes have been imposed or increased on many essential products and services. The focus of the government is and should be on tax collection, but where the dishonest should be punished, what is the system to encourage the honest? There is a perception among the people that governments are more inclined towards the industry and the economy has been lenient towards the common people or the employed people for decades. The trend of collecting tax from where easy recovery is possible is not new." There are also some contradictions in the economy. For example, the government is trying to promote the dairy industry in many ways, but the GST on dairy machines has been increased from 12 to 18 percent. Clarity in policies gives strength to the economy. There are many such products, on which there was no need to increase the GST, but the government is also compelled, if it has compromised the revenue in the head of oil, then it will compensate from somewhere. Reduction in taxes on every front is not possible for any government. Still, it needs to be reiterated that the plight of the common man should be taken care of more. The government is taking the industry along generously, so the country should benefit from it in the form of employment and investment. It also has to be seen whether the migration of black money from the country has increased or decreased. If inflation is increasing, is its direct benefit reaching the farmers and laborers? For example, the price of tomato has increased by Rs 60 to Rs 100 in many places, so it has to be ensured that maximum benefit reaches the tomato growers.

अन्य खबरों के लिए देखे

www.knlslive.com

# Twinkle Khanna made fun of Salman Khan for 'being a virgin' in Sushmita Sen's interview?



Sushmita Sen reached Twinkle Khanna's chat show. Both talked openly on this show. While Sushmita Sen opened many chapters of her life, Twinkle Khanna's amazing sense of humor also came to the fore. While both the actresses were praising each other in between, they also made fun of many things. In the talks, Twinkle said something that made everyone remember Salman Khan. Sushmita also laughed out loud at Twinkle's statement. Twinkle pointed to Salman - This time Sushmita Sen had arrived as a guest on Twinkle Khanna's YouTube chat show Tweak India. From plastic surgery to her relationships, Sushmita has been open in everything. She hides very few things related to her life. She has also been speaking openly about her relationships. Twinkle Khanna praised Sushmita Sen on this. Also said, where well-known men still claim to be virgins, Sushmita does not hide anything. Sushmita laughed loudly after hearing this and said, what did I find if I lost myself, this is my thinking about life. Be it plastic surgery, men in my life, relationships, married men... whatever if you think these are all wrong things but they (exist). Sushmita says, your brain is small, your heart is small, the person in front is not small. Why do you think we haven't made any mistakes in life? They are pressed, they are on the sting. I don't have any guilt about them. What is the matter of Salman being a virgin - Let us tell you that Karan Johar had asked Salman Khan on his chat show Koffee with Karan if he is a virgin. To this he replied that he was saving himself for his future wife. Salman had said, I have friends but not for profit. Since then, many jokes have been made about Salman being a virgin.

## Jannat Zubair's big statement about 'Khatron Ke Khiladi', said - age is from this show...



The 12th season of Khatron Ke Khiladi, one of the most watched and most popular reality shows of TV, is soon going to knock on the television screens. Ever since the shooting of this stunt reality show started in Cape Town, the show has been a topic of discussion among the people. Sometimes this show makes headlines due to the fees of its players, sometimes the videos that go viral during the shooting of the contestants of the show attract everyone's attention. Celebrities of the small screen become a part of this show with great fervor. By participating in the show, he messes with new dangers. This time too many celebs are taking part in the show, but most of them are being discussed by actress Jannat Zubair. The highest-paid actress for 'Khatron Ke Khiladi' recently made a big statement regarding her appearance on the show. Age Ka Show Se Ko Vaasta Nahi Actress Jannat Zubair, who is known for her performances in TV serials 'Phulwa' and 'Tu Aashiqui', has spoken openly about participating in this stunt-based show. He believes that to be a part of the reality show 'Khatron Ke Khiladi', it is more important for any sportsperson to be mentally prepared than his age and experience. Let us tell you that the 20-year-old actress is the youngest contestant in the 12th season of this reality show, which has 14 more contestants besides her. The shooting of the show is currently going on in Cape Town, South Africa. In a recent interview, Jannat also told, 'The kind of stunts we do have nothing to do with age and experience because whatever we do in Khatron Ke Khiladi. We have never done that before. Ke Khiladi' for its 10th season.

# देश में अशांति फैलाने की सजा भी मिलनी चाहिए, SC की टिप्पणी के बाद नूपुर शर्मा पर अखिलेश यादव का हमला



भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने विपक्षी दलों के नेताओं को एक बार फिर भाजपा पर हमले का मौका दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को टीवी पर आकर देश से माफी मांगने की बात कही है। यह भी कहा कि नूपुर शर्मा के बयान से देश में अशांति फैली है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नूपुर शर्मा के साथ ही भाजपा पर तीखा हमला किया। अखिलेश ने कहा कि सिर्फ मुख को नहीं शरीर को भी माफी मांगनी चाहिए और देश में अशांति और सौहार्द बिगाड़ने की सजा भी मिलनी चाहिए। अखिलेश यादव इससे पहले भी नूपुर शर्मा को लेकर भाजपा पर कई हमले कर चुके हैं। कुछ दिनों पहले अखिलेश ने अखिलेश ने नूपुर शर्मा को भाजपा से निलंबित किये जाने की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। नूपुर के निलंबन को योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह से जोड़ते हुए अखिलेश ने कहा था कि बीजेपी नूपुर शर्मा पर सिर्फ निलंबन की दिखावटी कार्रवाई न करे बल्कि कानूनी कदम उठाए। उन्होंने यह भी कहा था कि विवादित बयान पर बीजेपी से निलंबन तो उनका (दयाशंकर सिंह) भी हुआ था, जो आज उप्र की बीजेपी सरकार में मंत्री बने बैठे हैं। गौरतलब है कि दयाशंकर सिंह ने मायावती को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद उनका भी निलंबन हुआ था।

## मायावती भी हमलावर

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अखिलेश के साथ ही मायावती ने भी भाजपा पर हमला किया। मायावती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टप्पणी उन सभी के लिये जरूरी सबक है जो देश को सांप्रदायिकता की आग में झोंककर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा नूपुर शर्मा के विरुद्ध आज लिए गए सख्त स्टैण्ड और अपने भड़काऊ बयान से देश को हिंसक माहौल में झोंकने हेतु उनसे माफी मांगने का निर्देश उन सभी के लिए ज़रूरी सबक है जो देश को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। उन्होने कहा कि साथ ही, नफरती भाषण के लिए नूपुर शर्मा के विरुद्ध एफआईआर होने के बावजूद पुलिस द्वारा उनके प्रति निष्क्रिय रवैये का भी मा. कोर्ट द्वारा संज्ञान लेने से संभव है कि आगे इस प्रकार की प्रवृति पर थोड़ा रोक लगे।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सूरजपुर जिला इकाई पदाधिकारियो ने सयुंक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम पर जिला सयुंक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, गोंगपा के द्वारा (गौरेला-पेंड्रा- मरवाही) में 6 जून 2022 को जनहित और लोकहित के 25 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की मंशा से लाल बंगाल धरना स्थल में सभा आंदोलन किया जा रहा था जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ केराम एवं नेतृत्वकर्ता सुश्री रितु पेंद्रम सहित 400 लोगों पर फर्जी अपराधिक मामला दर्ज किया गया था,इस घटना को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में गोंगपा के पदाधिकारी 30 जून को जिला मुख्यालय के कलेक्टरों को ज्ञापन दिया गया है जिसमें निष्पक्ष जांच हो सके। इस दौरान सूरजपुर जिला अध्यक्ष रामअधीन पोया, जिला सचिव तुमेश्वर सिंह सरुता, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष देवसाय पोया, ब्लाक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, चंद्रदीप कोर्चो ,पोया, गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सर्प के काटने से नाबालिक लड़की की मौत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत अवंतिकापुर के एक 10 वर्षिय नाबालिक हीरावती पिता हरि सिंह की दोपहर 2 सर्प ने काट दिया जिसे उसके परिजनों ने झाड़ फूंक के चक्कर में रह कर समय को व्यतित कर दिये इसके बाद बच्ची जब ज्यादा गंभीर अवस्था में हो जाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर में लाया गया जिससे कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। ज्ञात हो कि नाबालिक लड़की प्राथमिक विद्यालय अवंतिकापुर के कक्षा 4 की छात्रा थी। कुछ जरूरी समान घर में खोज रही थी तभी घर के अंदर चूहा का खोदा हुआ बील था और उसी में सर्प था तभी काट दिया।जिसे नाबालिक लड़की की मृत्यु हो गई।

# किसी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक ने नहीं किया निरीक्षण




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दुरस्त वनांचल क्षेत्र जो जिला मुख्यालय से 155 कि.मी. प्राथमिक/ माध्यमिक शाला भुन्डा, प्राथमिक शाला लुल्ह, प्राथमिक शाला बैजनपाठ का औचक निरीक्षण जो आज तक किसी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक ने नहीं किया उसका निरीक्षण आदरणीय श्री विनोद कुमार राय जिला शिक्षा अधिकारी, श्री शशिकांत सिंह जिला मिशन समन्वयक, श्री रविन्द कुमार सिंह सहायक जिला परियोजना अधिकारी, श्री नरेंद्र कुमार दुबे,बीआरसीसी ओड़गी, संकुल प्राचार्य श्री रामशरण प्रजापति हाई स्कूल महुली एवं बिहारपुर क्षेत्र के समस्त जन शिक्षक के द्वारा किया गया। उपरोक्त सभी सभी जगह मोटर साइकिल व कहीं कहीं पैदल चलकर कार्य किया गया। और अंत में शा. हाई स्कूल महुली का भी निरीक्षण किया गया।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## आदर्श माध्यमिक शाला सोनगरा में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में मनाया गया प्रवेश उत्सव

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- विकासखण्ड प्रतापपुर के अंतर्गत आदर्श माध्यमिक शाला सोनगरा में शाला प्रवेश उत्सव भव्य रूप में मनाया गया,जिसमें नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिस्ठान खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदाय कर शाला प्रवेश कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह धुर्वे रहे जब कि विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड श्रोत समन्वयक रमेश शरण सिंह रहे एवं अध्यक्षता सेवा निबृत शिक्षक चन्द्रिका प्रसाद शास्त्री ने की इस दौरान कक्षा पहली एवं छठवीं के छात्रों को नियमित विद्यालय उपस्थित रहने हेतु बताया गया उपस्थित सभी अतिथियों ने पालको से भी बच्चों को नियमित शाला भेजने हेतु कहा । विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत कर नियमित विद्यालय उपस्थित रह कर विद्या ग्रहण करने की सीख दी गई साथ ही शिक्षको को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को कहा गया इन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय शिक्षक की अलग पहचान बनाता है शिक्षक यदि चाहे तो विद्यालय को अच्छा विद्यालय आदर्श विद्यालय



बनाकर अपनी भी अलग पहचान बना सकता है । विकासखण्ड श्रोत समन्वयक रमेश शरण सिंह ने अपने उदबोधन में बच्चो को देव तुल्य बताकर उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही साथ ही नियमित उपस्थित रहकर शासन की योजनाओं को क्रियान्वित करने को कहा गया । संस्था के प्रधानपाठक यमुना प्रसाद तिवारी ने सभी बच्चो का स्वागत करते हुए पालको से बच्चो को नियमित शाला भेजने एवं शाला प्रबंधन समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की बात कही गई,कार्यक्रम को चन्द्रिका प्रसाद शास्त्री,जयबहादुर सिंह, पनमेश्वर पैकरा,बाबूलाल राजवाड़े ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर बिजय सोनी,शरदचन्द द्विबेदी, जयबहादूर सिंह,कन्नी लाल जायसवाल,बाबूलाल राजवाड़े ,संकुल प्राचार्य पनमेश्वर पैकरा,यमुना प्रसाद तिवारी, ईश्वर दयाल जायसवाल,रंजय सिंह, कालीनाथ सिंह,गवटिया सिंह, संजय सिंह, सुजीत सिन्हा, रामेश्वर राजवाड़े,बृजभूषण यादव,मृत्युंजय श्रीवास्तव,सिम्फरोज़ा बड़ा, राधा कुशवाहा,अनिता बेक सहित बड़ी संख्या में संकुल सोनगरा,शंकरपुर के प्रधानपाठक एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें । मंच संचालन मुन्ना राजवाड़े ने किया ।

## एसईसीएल अस्पताल से माइक्रोस्कोप चोरी मामले में 1 आरोपी गिरफ्तार, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शुक्रवार, 01 जुलाई को एसईसीएल अस्पताल भटगांव के लैब इन्चार्ज राजेश शर्मा ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30.06.22 के शाम 6 बजे से 01 जुलाई के सुबह 8 बजे के दरम्यान कोई अज्ञात व्यक्ति एसईसीएल अस्पताल के लैब रूम में रखा 1 नग अलमाइक्रो कंपनी का माइक्रोस्कोप चोरी कर ले गया। लैब इन्चार्ज की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्व किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस अज्ञात चोर की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर संदेही विष्णु प्रसाद पिता स्व. मनोहर लाल उम्र 38 वर्ष निवासी पुराना माईनस भटगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

पूछताछ पर उसने बताया कि उपचार के बहाने एसईसीएल अस्पताल गया था जहां लैब में माइक्रोस्कोप देख बिक्री करने के लिए चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी किए गए माइक्रोस्कोप कीमत 30 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, सुन्दर लाल, आरक्षक रजनीश पटेल, मनोज जायसवाल, प्रकाश साहू व प्रहलाद पैंकरा सक्रिय रहे।

## कलेक्टर ने की भैयाथान व ओड़गी के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण,शासकीय योजनाओं को समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने भैयाथान राजस्व अनुभाग के तहसील भैयाथान और ओड़गी में विभिन्न शासकीय कार्यालय, तहसील न्यायालय, स्वस्थ्य केन्द्र, विद्यालय, आंगनबाड़ी, आश्रम छात्रावास, गोठान, सहकारी सोसायटी एवं खाद गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय योजनाओं को समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दिये। कलेक्टर ने भ्रमण निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र दर्रीपारा, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, माध्यमिक विद्यालय दर्रीपारा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी, एनआरसी ओड़गी, जनपद पंचायत ओड़गी, तहसील न्यायालय ओड़गी, सहकारी सोसाइटी ओड़गी, खाद गोदाम ओड़गी, खर्रा गोठान, आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र खर्रा, छात्रावास खोंड, गोठान खोंड का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं को समुचित क्रियान्वयन के निर्देश दिये और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सागर सिंह, जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री चंदबेश सिसोदिया सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## 200 बोरी रासायनिक खाद, परिवहन में प्रयुक्त ट्रक सहित 1 गिरफ्तार, थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से रासायनिक खाद को महंगे दामों में बिक्री करने हेतु परिवहन करने के दौरान एक ट्रक सहित 1 व्यक्ति को पकड़ा है। इसके कब्जे से खाद की 200 बोरी भी जब्त की गई हैं। पुलिस ने मामले में ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए ट्रक को भी जप्त किया है। दिनांक 30.06.2022 के रात्रि गश्त के दौरान थाना प्रभारी सूरजपुर को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीवाई 4135 में रासायनिक खाद को ऊंचे मूल्य पर बिक्री करने जयनगर से मानी की ओर जा रहा है जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस ने ग्राम सपकरा में घेराबंदी कर ट्रक को रोकवाया, ट्रक की तलाशी लेने पर



200 बोरी रासायनिक खाद पाया गया। वाहन चालक संजय सिदार पिता स्व. महाबली उम्र 28 वर्ष ग्राम गोपालपुर, थाना जयनगर से खाद परिवहन व खरीदी-बिक्री करने संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 200 बोरी रासायनिक खाद कुल 10 मि.टन कीमत करीब 3,38,420 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक ऐसन पाल, बिजेन्द्र सिंह, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com